तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

10 भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का नगर...

12 नगर में सपनों की उड़ान मेले का आयोजन




## खबर संक्षेप

### जिले की पंचायतों में ग्रामसभाएं आज से

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर दीपक सोनी ने 23 जनवरी से जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्रामसभा का आयोजन करने आदेशित किया है। ग्राम सभा में शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा। बैठक ग्रामसभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन का वाचन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, पिछली वर्ष में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय एवं शेष राशि, ग्राम पंचायतों में कर अधिरोपण एवं संग्रहण की प्रणाली ऑनलाइन करने के लिए समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग करने, ग्राम पंचायत द्वारा किये जा रहे अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा के सबंध में चर्चा सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### राजभवन में जिले के 11 मेधावी छात्र होंगे सम्मानित


बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा सत्र 2024 एवं 2025 के प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले समस्त विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह राजभवन रायपुर में 23 जनवरी को आयोजित है। इस सम्मान समारोह में जिले के 11 मेधावी छात्र भी सम्मानित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में कक्षा 12 वीं की प्रावीण्य सूची में कोयल अम्बष्ट, प्रीति, डॉली पटेल व आदिति साहू तथा कक्षा 10 वीं की प्रावीण्य शेष पेज 10 पर

# प्रशासन की अनदेखी से प्राथमिक और माध्यमिक शाला भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

बिलाईगढ़ विधानसभा के अंतर्गत वनांचल के ग्राम कुरमाझर में शाला भवन जर्जर होने से छात्र-छात्राएं खुले मैदान में पढ़ने मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार विधानसभा बिलाईगढ़ के अंतर्गत वनांचल के ग्राम कुरमा झर में प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला भवन वर्षों से जर्जर होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। कई बार स्थानीय व जिला प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी इस पर कोई पहल नहीं होने से छात्र व छात्राएं खुले मैदान में पढ़ने मजबूर हैं। प्राथमिक व माध्यमिक शाला में छात्रों की दर्ज संख्या 81 है तथा प्राथमिक में दो एवं माध्यमिक शाला में तीन शिक्षक पदस्थ हैं। प्रधान पाठक संग्राम सिंह पैकरा, माधव प्रसाद साहू, गोवर्धन यादव, हृदय पटेल व कांतिलाल खरिया पदस्थ हैं। इन्होंने बताया कि यहां का शाला भवन जर्जर स्थिति से कई बार स्थानीय व जिला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, इसके बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं होने से शाला भवन का अभाव बना है और छात्र व छात्राओं को बाहर खुले मैदान में अध्यापन कार्य कराया जाता है।

### हादसे के डर से स्कूल के बाहर लग रहीं कक्षाएं




### बिल्डिंग का प्रस्ताव गया है

उक्त शाला के लिए बिल्डिंग का प्रस्ताव गया है, तथा बच्चे खुले मैदान में पढ़ाई करते हैं। इसकी जानकारी मुझे नहीं है, फिर संकुल समन्वयक से पूछ कर जानकारी लेता हूं।

- **अरविंद ध्रुव,** बीईओ, कसडोल

### कड़ी कार्रवाई की मांग

गांव के प्रतिष्ठित नागरिक व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के पूर्व अध्यक्ष नल कुमार पटेल ने शाला भवन की जर्जर स्थिति व खुले मैदान में बच्चों के अध्यापन कार्य पर कड़ा एतराज जताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई व अविलंब शाला भवन बनाए जाने की मांग की है।

## अनदेखी : जल जीवन मिशन की खुली पोल, टंकी में बनी सीढ़ियां भी टूटी-फूटी

# नल सूखे, जर्जर टंकी से दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेल

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना, जिसका उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, विकासखंड कसडोल के आदर्श ग्राम देवरीकला में पूरी तरह से दम तोड़ती नजर आ रही है। लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझ पा रही है, जिससे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है।



पानी टंकी का रंग रोगन नहीं होने से जर्जर स्थिति में नजर आती है। टंकी में बनी सीढ़ियां टूट फूट रही है, जिसके चलते दुर्घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है। नल जल में पीने की समस्या को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के बीच कहासुनी होती रहती है। इस योजना की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि काफी लंबे समय से नल जल कनेक्शन में पीनी नहीं आ रहा है। कई दफा अधिकारी, सरपंच पंच को बोला गया है किन्तु पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है।

कुल मिलाकर जल जीवन मिशन के दावों और जमीनी हकीकत के बीच एक बड़ा अंतर देखा जा रहा है, जहां लाखों खर्च होने के बाद भी ग्रामीण पीने के पानी के लिए आज भी तरस रहे हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारी कागज पर ही योजना चलाने में माहिर हैं और सरकार की बड़ी उपलब्धि बताकर अपनी पीठ थपथपवा रहें हैं। इस संबंध में सरपंच बालेश्वर वैष्णव ने बताया कि हमारे ग्राम देवरीकला में जल जीवन मिशन से लोगों के घरों में नल जल कनेक्शन से पानी नहीं मिल रहा है। मेरे द्वारा कई बार पीएचई विभाग कसडोल के अधिकारी मनोज दाखोडे को बताया गया है, लेकिन अधिकारी द्वारा यह कह दिया जाता है कि कुछ जगहों में पाइप लाइन में सुधार का काम बाकी है, जल्द सुधार कर चालू किया जायेगा करके बोला जाता है लेकिन अभी तक हुआ नहीं है

जल्द सुधार नहीं किए जाने पर हम ग्रामवासी कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। वहीं पीएचई उप अभियंता कसडोल मनोज दाखोडे ने फोन पर संपर्क करने पर कहा कि देवरीकला में बड़ी समस्या हो गई है, किसी दिन आके सरपंच गांव वालों के साथ बैठक रखकर के चर्चा करेंगे।

# 313 क्विंटल अवैध धान बरामद और ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

संयुक्त जांच टीम द्वारा अवैध धान पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 313 क्विंटल अवैध धान परिवहन कर रहे ट्रक को पकड़ा गया और धान जब्त किया। जब्तशुदा धान का मूल्य लगभग 743000 रुपये हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच टीम भाटापारा द्वारा अवैध रूप से धान परिवहन कर रहे ट्रक क्रमांक सी जी 07 बी यू 1916 को मय 313 क्विंटल जब्त कर भाटापारा मंडी के सुपुर्द किया गया। कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इसी तरह लवन तहसील अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र सीरियाडीह के निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र के बाहर ट्रैक्टर में रखे 29 बोरी धान को अवैध रूप से पाये जाने पर हंसुराम पिता वेदप्रकाश से जब्त कर ग्राम पंचायत सचिव को सुपुर्द किया गया।

■ संयुक्त जांच टीम ने धान परिवहन करते पकड़ा ट्रक

गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण सहित बिचौलियों पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही धान का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है जिसमें कम धान मिलने पर अतिरिक्त रकबा को समर्पण कराया जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी करमा, ददरिया की प्रस्तुति

**बंगोली।** कुर्रा में बुधवार को शाला वार्षिकोत्सव मनाया गया। कक्षा पहली से आठवीं के बालक-बालिकाओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए करमा, ददरिया, पंथी, गरबा, नाटक व प्रहसन का जौहर दिखाते हुए दर्शकों का मन मोह लिया व तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का सम्मान बढ़ाया। कुर्रा स्कूल के पूर्व प्रधानपाठक सविता चंद्राकर द्वारा प्रस्तुती देने वाले कलाकारों का पारितोषित राशि देकर सम्मान बढ़ाया। माध्यमिक शाला प्रधानपाठक विद्या शर्मा, सुरेंद्र कुमार नायक, कुसुमलता वर्मा एवं राधेश्याम कुर्रे तथा प्राथमिक शाला प्रधानपाठक चन्द्रकला वर्मा, रुपेन्द्र कुमार वर्मा, नीतू देवॉगन एवं संतोष धीवर, भरतलाल वर्मा, पुरानिक वर्मा, गिरधारी यादव, गुलाब सिंह वर्मा, थानसिंह धोबी, परेमिन खुटे सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### विधायक संदीप ने सलोनी स्कूल का किया निरीक्षण



**पलारी।** कसडोल विधायक संदीप साहू ने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। विधायक साहू ने बुधवार को ग्राम सलोनी (रोहासी) स्थित शासकीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल स्कूल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि बच्चों के बीच बैठकर उनसे संवाद भी किया और उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान विधायक संदीप साहू सीधे कक्षाओं में पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के स्तर और शिक्षकों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पेयजल की उपलब्धता और स्कूल परिसर की साफ-सफाई का बारीकी से अवलोकन किया। विधायक ने स्वयं ब्लैकबोर्ड के पास जाकर बच्चों से कुछ सवाल पूछे जिनका उत्साहपूर्वक उत्तर पाकर उन्होंने बच्चों की सराहना की निरीक्षण के दौरान स्कूल परिसर में कुछ तकनीकी और व्यवस्थागत कमियां पाई गईं।

## पेज 9 के शेष

### राजभवन में जिले...

सूची में निधि साहू ने कक्षा स्थान प्राप्त किया था। इसी प्रकार वर्ष 2025 में महेश्वरी, हिमेश कुमार यादव, लुभी साहू ने कक्षा 12वीं में तथा लिव्यांश देवांगन, कंचन बाला गेंडरे और साक्षी अग्रवाल ने कक्षा 10 वीं के प्रावीण्य सूची के स्थान प्राप्त किया है। सभी विद्यार्थियों के साथ उनके पालकों को भी समारोह में आमंत्रित किया गया है। समस्त विद्यार्थियों को समय पर उपस्थित कराने हेतु प्राचार्य गुरुकुल इंग्लिश मिडियम स्कूल वंदना तिवारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# बारनवापारा अभयारण्य में वर्षों बाद नजर आया दुर्लभ ऑरेंज-ब्रेस्टेड ग्रीन-पिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बारनवापारा अभयारण्य से पक्षी प्रेमियों और पर्यावरणविदों के लिए एक बेहद सुखद खबर सामने आई है। हाल ही में अभयारण्य में आयोजित बर्ड सर्वे के दौरान दुर्लभ ऑरेंज-ब्रेस्टेड ग्रीन-पिजन (ट्रेरॉन बाइसिंक्टस) की उपस्थिति दर्ज की गई है। इस दुर्लभ पक्षी की साइटिंग पकरीद टीम द्वारा की गई, जिसमें बर्डर एवं वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर राजू वर्मा और प्रतीक ठाकुर सहित कर्नाटक, बिहार और ओडिशा के विशेषज्ञ शामिल थे। टीम को उस वक्त बड़ी सफलता मिली जब इस पक्षी का एक जोड़ा उनके ठीक ऊपर पेड़ पर बैठा पाया गया, जिससे उड़ने से पहले उनकी विस्तृत फोटोग्राफी और रिकॉर्डिंग करना संभव हो सका। ऑरेंज-ब्रेस्टेड ग्रीन-पिजन की नीली-धूसर गर्दन, पीले-हरे रंग का सिर और शरीर का निचला हिस्सा इसे विशेष बनाता है। इसके लाल पैर और स्लेटी-धूसर केंद्रीय पूंछ के पंख इसे आमतौर पर दिखने वाले येलो-फुटेड ग्रीन-पिजन (हरियल) से स्पष्ट रूप से अलग करते हैं। विशेष रूप से नर पक्षी की पहचान उसके सीने पर मौजूद गहरे नारंगी रंग के पैच से की गई। कई वर्षों बाद इस प्रजाति का कैमरे में कैद होना न केवल फोटोग्राफर्स के लिए उत्साह का विषय है बल्कि यह अभ्यारण्य में पक्षियों के अनुकूल वातावरण और विविधता का एक सशक्त प्रमाण भी है।

### बर्ड सर्वे के दौरान हुई विशेष फोटोग्राफी



#### बारनवापारा में दुर्लभ पक्षी की वर्षों बाद पुनः वापसी

वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह साइटिंग इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस प्रजाति को कई वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस क्षेत्र में देखा गया है। ऐतिहासिक रूप से इस पक्षी की उपस्थिति बारनवापारा में पहले भी दर्ज की गई थी, जब वर्ष 2015-16 में विख्यात पक्षी विशेषज्ञ एएमके भरोस ने इसे देखा था। उसके बाद से यह प्रजाति यहां से ओझल हो रही थी, जिससे अब इसकी पुनः वापसी वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से एक बड़ा रिकॉर्ड मानी जा रही है। भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों में पाया जाने वाला यह पक्षी मुख्य रूप से अंजीर और जंगल के अन्य रसीले फलों पर निर्भर रहता है। इसे एक निवासी प्रजाति माना जाता है, जो स्थानीय मौसमी बदलावों के साथ अपनी गतिविधियां संचालित करता है। छत्तीसगढ़ के अन्य वनों में भी इसकी मौजूदगी समय-समय पर दर्ज होती रही है, लेकिन बारनवापारा में इसकी वापसी पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाती है। सर्वे टीम ने इस पक्षी की पहचान इसकी विशिष्ट शारीरिक विशेषताओं के आधार पर की है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आतिशबाजी के साथ हुआ सम्मान समारोह

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का नगर आगमन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के सम्मान में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आतिशबाजी के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि किरण सिंह देव के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में भाजपा का संगठनात्मक सशक्तिकरण हो रहा है और पार्टी निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उनके बलौदाबाजार आगमन से कार्यकर्ताओं में नये ऊर्जा का संचार हुआ है।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा पारंपरिक सुवा नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने स्वागत कार्यक्रम की सराहना करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं समस्त कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बलौदाबाजार जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं की एकजुटता, संगठनात्मक सहयोग और सक्रियता की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, गौरीशंकर अग्रवाल, शिवरतन शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, पवन साहू, सभापति डॉ. मोहन वर्मा, सभापति राजा जायसवाल, सदस्य मोनू साहू, संजय श्रीवास, टेसूलाल धुरंधर, नंदू साहू, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव सुमन वर्मा, सुरेन्द्र टीकरिहा, अमितेश नेताम, योगेश वर्मा, मेम सिंह, ओमप्रकाश निर्मलकर, अनीश ताम्रकार, कृष्णा पंडित सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रमुख कार्यकर्ता, महिला स्व-सहायता समूहों की बहनें एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



#### 100 के स्थान पर 125 दिन की रोजगार गारंटी

किरण सिंह देव ने बताया कि मनरेगा में 100 दिन की रोजगार गारंटी थी, लेकिन औसतन 50.4 दिन ही रोजगार मिल पाया। इसके विपरीत वीबी–जी राम जी योजना में 125 दिन की कानूनी रोजगार गारंटी दी गई है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अजा मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े, जिला संगठन प्रभारी अमित साहू एवं जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### गार्डन चौक अटल परिसर में भी हुआ स्वागत

बलौदाबाजार। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के जिला बलौदाबाजार–भाटापारा में प्रथम आगमन पर गार्डन चौक स्थित अटल परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व सांसद गुहाराम अजगले, प्रदेश अध्यक्ष अजा मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, संभाग सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, जिला संगठन प्रभारी अमित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, विजय यादव, लक्ष्मी बघेल, लक्ष्मी वर्मा, विपिन बिहारी वर्मा, अजय राव, टेसूलाल धुरंधर, विजय केसरवानी, नगर पालिका अध्यक्ष बलौदाबाजार अशोक जैन, नगर पालिका अध्यक्ष भाटापारा अश्वनी शर्मा, मनींदर सिंह गुम्बर, राकेश तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि पंचायत से लेकर संसद तक भाजपा की सरकार है। सभी के समवेत प्रयास और कार्यकर्ताओं की कर्मठता से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा प्रदेश व देश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएंगे। उन्होंने केंद्र की एनडीए सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशव्यापी स्तर पर दूरदर्शी और समयानुकूल योजनाएं लागू की जा रही हैं। हाल ही में संसद के शीतकालीन सत्र में पारित विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) – वीबी–जी राम जी अधिनियम, 2025 ग्रामीण भारत के लिए एक नया आयाम स्थापित करेगा। यह योजना केवल रोजगार सृजन तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार को ग्रामीण विकास से जोड़ने की ठोस और परिणामोन्मुखी व्यवस्था है।



# गायत्री प्रज्ञा पीठ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, बसंत पंचमी पर होगा दीप यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

स्थानीय गायत्री प्रज्ञा पीठ हिरमी में बसंत पंचमी के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम दृश्य देखने को मिला। अखिल विश्व गायत्री परिवार के 'अखंड दीप शताब्दी वर्ष' तथा परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे परिसर में भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पर कलश यात्रा से हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में माताएं, बहनें एवं परिजन शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए जब मंदिर परिसर पहुंचीं तो पूरा क्षेत्र भक्तिमय जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है, जिसमें आचार्य पं. श्रीराम शर्मा एवं वंदनीया माता के जीवन दर्शन और विचारों पर प्रेरक उद्बोधन होगा। गायत्री परिवार हिरमी ने क्षेत्र की समस्त धर्मप्रेमी जनता से आग्रह किया है कि वे इस पंचकुण्डीय महायज्ञ एवं बौद्धिक सत्र में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें तथा अपने जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध बनाएं। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया।

#### दीप यज्ञ से आलोकित हुआ मंदिर परिसर

कीर्तन मंडली के मधुर भजनों और मंत्रोच्चार ने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया। कलश यात्रा के पश्चात मुख्य पुजारी श्यामसुंदर के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गायत्री माता, परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता की देव स्थापना संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलन कर विश्व कल्याण, शांति और सद्भाव की कामना की। शाम के समय आयोजित दीप यज्ञ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। श्रीराम जन्म स्थापना दिवस एवं शताब्दी वर्ष के उल्लास में पूरा मंदिर परिसर हजारों दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। दीपों की पंक्तियों से सजा परिसर अत्यंत मनोहारी प्रतीत हो रहा था। इस दौरान महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। गायत्री परिवार हिरमी के पदाधिकारियों ने बताया कि बसंत पंचमी के मुख्य दिन ज्ञान की देवी माँ सरस्वती का विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा।

# वार्षिकोत्सव शैक्षणिक संस्थान के विकास को करता है प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर में सर्वहित कारिणी शाला परिवार द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष सविता भीम यादव ने किया। दाऊ महेंद्र अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि- किसी भी विद्यालय का वार्षिकोत्सव उस शैक्षणिक संस्थान के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक विकास को प्रदर्शित करता है। उन्होंने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया तथा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए बधाई दी।



#### प्रतिभावान छात्रा के संपूर्ण पढ़ाई खर्च की जिम्मेदारी

सर्वहित कारिणी शैक्षणिक संस्थान की कक्षा 12 वीं बायोलॉजी में 87 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाली कुमारी अलका पिता लेख राम वर्मा ग्राम कौड़िया को सचिव अग्रवाल ने 2200 रूपए नगद पुरस्कार के रूप में प्रदान किया तथा भविष्य में छात्रा द्वारा किसी भी संस्थान में कोई भी पढ़ाई कोर्स पूर्ण करने पुस्तक -कापी से लेकर संपूर्ण खर्च जैतू साव मठ ट्रस्ट कमेटी रायपुर द्वारा वहन करने की घोषणा की गई। इसका लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

उपस्थित जन समूह को जनपद पंचायत के अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से पार्षद भूषण वर्मा, पत्रकार रज्जाक खान, ग्राम घोठिया एवं कुकदा के सरपंच तथा विद्यालय के संचालक रामरंग वैष्णव, शिक्षक भुवनेश्वर वर्मा, कृष्ण कुमार यादव, भवानी पटेल, एकता वर्मा, ईश्वर घृतलहरे, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, रामलोचन दास जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# देवसुन्द्रा में संकुल स्तरीय खेल महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

संकुल केंद्र देवसुन्द्रा में गुरुवार को दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में चन्द्रप्रभा कोमल साहू, सभापति युवा एवं खेल कल्याण विभाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जामवंती नीलकमल साहू सभापति स्वच्छता विभाग ने अध्यक्षता की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिराम साहू सरपंच देवसुंद्रा, कुलदीपक खन्ना सरपंच सकरी प, वरुण वर्मा उपसरपंच देवसुंद्रा, खिलेश्वरी वर्मा उपसरपंच सकरी, बालमुकुंद यादव अध्यक्ष शा.उ.मा.वि. देवसुंद्रा, चेतन साहू अध्यक्ष पू.मा.शा. देवसुंद्रा, कमलेश साहू अध्यक्ष पू.मा.शा. सकरी, सूर्यकांत दिवाकर अध्यक्ष आश्रम शाला, योगीदास साहू अध्यक्ष प्राथ. शाला सकरी शामिल हुए। सभी अतिथियों का शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया।



मुख्य अतिथि ने बच्चों का तिलक लगाकर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, रिले रेस, गोला फेंक, दौड़, घड़ा दौड़, सुई-धागा दौड़ एवं जलेबी दौड़ जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। साथ ही हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को चार टीम सत्यम, शिवम्, देव एवं सुंदरम् में विभाजित कर खेल प्रतियोगिता कराए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि चन्द्रप्रभा कोमल साहू ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास होता है, इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए।

अध्यक्षता कर रहीं जामवंती नीलकमल साहू ने कहा कि संकुल स्तर पर खेल महोत्सव का आयोजन सराहनीय पहल है। इससे बच्चों में खेल भावना के साथ-साथ आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### श्री राम कथा में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

# राम कथा सिखाती है जीवन जीने की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



नगर के सरोपी तालाब स्थित चिंताहरण श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में भगवती महिला मंडल द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। कथा के व्यासपीठ पर पं दौवा प्रसाद दुबे ने श्रीराम चरित मानस के महत्वपूर्ण प्रसंगों पर भावपूर्ण एवं सारगर्भित व्याख्या प्रस्तुत की।

आज की कथा में भगवान श्रीराम के वन गमन, केंवट प्रसंग एवं भरत चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कथा के दौरान क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव विशेष रूप से उपस्थित हुए तथा राम कथा का श्रद्धापूर्वक रसपान किया। इस अवसर पर व्यासपीठ से आचार्य द्वारा विधायक इन्द्र साव, शैली भाटिया, दशरथ चंद्राकर, सुनीता यादव, अजीत भट्ट एवं गोलू पाटकर को रामनामी चादर ओढ़ाकर आशीर्वाद प्रदान किया गया। राम कथा में विधायक साव ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन मानव समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि राम कथा केवल एक धार्मिक कथा नहीं है, बल्कि यह हमें जीवन जीने की कला, कर्तव्य, त्याग और मर्यादा का संदेश देती है।

उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन जनकल्याण, सत्य और न्याय पर आधारित था जिससे आज के जनप्रतिनिधियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। विधायक साव ने भगवती महिला मंडल को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में संस्कार, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, दशरथ चंद्राकर, कुबेर यदु, अजीत भट्ट, गोलू पाटकर, सुनीता यादव, मनीष गुप्ता, माया सलूजा, आशीष तंबोली, सोनू भोंसले, कौशल रजक, परीक्षित चतुर्वेदी, रीता पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ श्री राम कथा का आनंद लिया।

# रावन संयंत्र वर्क्स में राष्ट्रीय सुरक्षा माह का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन सीमेंट वर्क्स के अंतर्गत रावन ट्रक यार्ड स्थित डीएमसी ड्राइवर मीटिंग सेंटर कक्ष में 37वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह 2026 का उद्घाटन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सेफ्टी हेड आलोक पाठक, सेफ्टी एसएच दिव्या लोचन चौधरी, एडमिन हेड संजीव मिश्रा एवं पीएलएच लॉजिस्टिक हेड अमिया पात्रा की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस ब्रह्माकुमारी दीदी द्वारा ध्यान मेडिटेशन सत्र का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात चाय पे चर्चा कार्यक्रम रखा गया। इस सत्र में ट्रक चालकों एवं ट्रांसपोर्ट मैनेजरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और सड़क सुरक्षा, कार्यस्थल सुरक्षा तथा मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया गया। लॉजिस्टिक्स विभाग से विकास राइचौधरी, प्रकाश कुमार जेना, युगल किशोर शर्मा, अग्नित ठाकुर, कृष्णा साहू, विजय कुमार, अभिषेक बाजपेई एवं परमेश्वर वर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस राष्ट्रीय सुरक्षा माह का उद्देश्य सभी कर्मचारियों, चालकों एवं सहयोगी संस्थाओं के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षा प्रथम की संस्कृति को और अधिक सशक्त बनाना है।

## खबर संक्षेप

### पलारी में मां परमेश्वरी महोत्सव आज

**पलारी।** नगर पलारी में इस वर्ष भी मां परमेश्वरी महोत्सव 23 जनवरी को नगर देवांगन समाज के तत्वाधान में किया जा रहा है। यह आयोजन नगर देवांगन समाज द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमे समाज की महिला पुरुष अपना कामकाज बंद कर कार्यक्रम में शामिल होते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह कलश यात्रा के साथ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपी साहू नगर अध्यक्ष होंगे एवं अध्यक्षता मंजू कृष्णा देवांगन पार्षद होंगी।

### लेन-देन के आरोप में पर्यवेक्षक हटाया गया



**गोपालपुर।** विगत दिनों महिला बाल विकास विभाग भटगांव के धोबनी सेक्टर के महिला पर्यवेक्षक सुरतिया खरे के खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से गर्म भोजन के बदले 200-200 रुपये धोबनी सेक्टर के प्रत्येक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से प्रति महीने कमीशन लेने की शिकायत जिला कार्यक्रम अधिकारी सारंगढ़ को धोबनी के युवा नेता रोहित साहू द्वारा की गई थी। वही पूर्व में इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसे विभाग के संज्ञान में आने के बाद पर्यवेक्षक के खिलाफ जांच कार्रवाई विभाग द्वारा की जा रही थी। इस बीच आज 21 जनवरी को भटगांव के परियोजना अधिकारी विजय प्रभात सरल द्वारा अपने कार्यालय से आदेश जारी कर धोबनी सेक्टर के लेन-लेन करने और पैसे मांगने वाली विवादित महिला पर्यवेक्षक को अब अंततः विभाग द्वारा विवादित सेक्टर से हटा कर सेक्टर सलौनीकला में भेज दिया गया है।

### सीमेंट संयंत्र ने 115 जरूरतमंदों को बांटा कंबल



**रिसदा।** श्री सीमेंट फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत सेमराडीह में बुजुर्गों को एवं जरूरतमंद 115 लोगों को कंबल वितरण किया गया। ग्रामवासी यह सम्मान पाकर बहुत उत्साहित हुए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सेमहराडीह की सरपंच प्रमिला वर्मा, उपसरपंच देवनाथ साहू, ग्रामीण विकास अधिकारी अभय प्रताप सिंह, वीरेंद्र बघेल, पंच नीतू यदु, लोकेश्वरी साहू, कीर्ति गिरी, सरिता यादव, धीरज ध्रुव, उत्तरा ध्रुव, टीका राम ध्रुव, गोपाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**प्रवचन :** छत्तीसगढ़ में प्रथम बार बृजविलास कथा का दिव्य प्रसंग

# शिव शक्ति महायज्ञ से केशला हुआ भक्तिमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





केशला क्षेत्र में इन दिनों आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिल रही है। यहां भव्य शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक विधि-विधान के साथ किया जा रहा है। यह महायज्ञ यज्ञाचार्य पं. धनंजय शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हो रहा है। इस महायज्ञ के साथ ही एक ऐतिहासिक और विशेष आध्यात्मिक आयोजन के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम बार बृजविलास की कथा का शुभारंभ किया गया है, जिसे प्रख्यात कथावाचक डॉ. अम्बिकेश दुबे के श्रीमुख से श्रवण का सौभाग्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हो रहा है। बृजविलास कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की ब्रज-लीलाओं, प्रेम-भक्ति, रास, माधुर्य और दिव्य भावों का अत्यंत सरस, भावपूर्ण एवं शास्त्र सम्मत वर्णन किया जा रहा है।

डॉ. अम्बिकेश दुबे की ओजस्वी वाणी, गहन शास्त्रीय ज्ञान एवं सरल भाव-प्रवण शैली श्रोताओं को भाव-विभोर कर रही है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संतजन, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग की उपस्थिति देखी जा रही है। संपूर्ण वातावरण वेद-मंत्रों, हरि-नाम संकीर्तन और शिव-शक्ति की उपासना से आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया है।

शिव शक्ति महायज्ञ का उद्देश्य लोक कल्याण, राष्ट्र कल्याण, पर्यावरण शुद्धि, रोग-शोक निवारण एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लेकर किया जा रहा है। यज्ञाचार्य पं. धनंजय शर्मा जी के सानिध्य में प्रतिदिन वैदिक आहुतियां, रुद्राभिषेक, देवी-पूजन एवं विशेष अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो रहा है। श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का भाव देखा जा रहा है। शिव शक्ति महायज्ञ एवं बृजविलास कथा के इस दुर्लभ संयोग से खरोरा-केशला क्षेत्र आध्यात्मिक मानचित्र पर एक विशेष पहचान स्थापित कर रहा है।

### ग्राम सरखोर में निकली नवधारामायण की भव्य कलश यात्रा



**लवन।** ग्राम सरखोर में आज नवधा रामायण के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली, वहीं पुरुष एवं युवा वर्ग भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। आयोजकों ने बताया कि नवधा रामायण का आयोजन 21 जनवरी से 29 जनवरीतक किया गया है। इस दौरान प्रतिदिन संध्या समय रामायण पाठ, प्रवचन एवं भक्ति संगीत का कार्यक्रम होगा। कलश यात्रा के साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों की विधिवत शुरुआत हो गई है। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग का संकल्प लिया है। आयोजक समिति ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। नवधा भक्ति के साथ साथ गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 15000 रु. है। कुल 20 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# जड़ भरत और भक्त प्रह्लाद के चरित्र ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर



**खरोरा।** ग्राम पंचायत परसदा (कनकी) में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह पर कथा वाचक पं.ओमप्रकाश शर्मा द्वारा जड़ भारत चरित्र एवं भक्त प्रह्लाद के दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथावाचक ने जड़ भरत चरित्र के माध्यम से बताया कि बाह्य आडंबर से रहित रहकर भी परमात्मा की सच्ची भक्ति की जा सकती है। जड़ भारत महाराज ने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि आत्मज्ञान से युक्त व्यक्ति सांसारिक बंधनों से ऊपर उठ जाता है। इसके पश्चात भक्त प्रह्लाद के चरित्र का वर्णन करते हुए कथावाचक ने कहा कि बालक प्रह्लाद ने अत्याचारी पिता हिरण्यकशिपु के अत्याचारों के बावजूद भगवान विष्णु की भक्ति नहीं छोड़ी। प्रभु ने नरसिंह अवतार लेकर भक्त की रक्षा और अधर्म का नाश किया। यह प्रसंग भक्ति की शक्ति और भगवान की कृपा का अनुपम उदाहरण है। कथा के दौरान संपूर्ण पंडाल नारायण-नारायण एवं हरि नाम के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने कथा से जीवन में भक्ति, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त की। कथा स्थल पर समस्त भक्तों हेतु प्रसादी के रूप में भव्य भोजन भंडारे का व्यवस्था किया गया है।

### ग्रामीणों के सहयोग से धनसुली में हुई रामायण

**बंगोली।** जय श्रीराम उत्सव समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय रामायण पाठ का भव्य आयोजन धनसुली स्कूल चौक में हुआ। आयोजन भगवान श्रीराम जी के मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष होने पर किया गया। रामायण मे सुर संगम मानस परिवार मढ़ी, बालिका मानस मंडली गोढ़ी, जय अंबे मानस मंडली खपरी, जय मां मौली मानस परिवार झोंझरा, बिलासपुर तथा आयोजक स्थाई मानस समिति जय श्री राम उत्सव समिति ग्राम धनसुली द्वारा रामायण पाठ संपन्न हुए। मानस समिति के भक्तों में गोपाल निर्मलकर, नारायण निषाद, मेघराज साहू, भागवत निर्मलकर सरपंच प्रतिनिधि, नारायण ध्रुव, गणपत निषाद, भरत नायक, पवन वर्मा, टिकेश्वर जोशी सहित समस्त ग्रामवासी का सहयोग रहा।



# प्रतिमा प्रतिष्ठित होने के पहले अनूप और युवराज जैन के घर पधारे भगवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पंचकल्याणक महा महोत्सव 28 जनवरी से 2 फरवरी तक की तैयारी जोरों पर। प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ ऋषभदेव प्रभु की राजकुमार स्वरूप प्रतिमा के बलौदाबाजार कपड़ा अनूप जैन, युवराज जैन के निवास पर शुभ प्रवेश के पावन अवसर पर भव्य संगीत एवं णमोकार मंत्र का जाप का आयोजन किया गया। जिसे जैन समाज के पदम जैन द्वारा मंत्रोच्चार से स्थापित किया गया । ज्ञात हो कि यह प्रतिमा नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत विराजमान की जाएगी। इस पावन अवसर पर सायं काल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसे समाज के श्रद्धालुओं द्वारा भजनों के माध्यम से भगवान की आराधना की गई। इस मौके पर भगवान के माता-पिता इंद्र कुमार, विमला देवी, कपूर चंद, निर्मला देवी, पदमचंद, बीना देवी, अनूप चंद, साधना देवी, युवराज पूजा जैन, युवान, यातिका के घर आंगन में विराजमान हुए। इस अवसर पर भजन प्रवाहक सिद्धार्थ गोलाछा, शैलेंद्र उपाध्याय भाटापारा के द्वारा भक्ति संध्या में एक से एक भजन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर नरेंद्र जैन, शोभा जैन, सुरेश जैन, अनीता जैन, प्रवेश जैन, आस्था जैन, निखिल जैन, रुचि जैन, मितेंद्र जैन, मनाली जैन, जितेंद्र जैन, नविता जैन, सुधीर जैन, सुमन जैन, नितिन जैन, रंजना जैन, अनीश जैन अनिका जैन, सो धर्म इंद्र, दिनेश जैन, ममता, इंद्र, महेंद्र, मीना, ईशान, रमेश, शांति, संजय, पंचकल्याणक महा महोत्सव में भगवान की सेवादार अष्टकुमारियों को सविनय निमंत्रण दिया गया।

समाज के अध्यक्ष संजय जैन उपाध्यक्ष, संदीप जैन उपाध्यक्ष, प्रवीण जैन उपाध्यक्ष, पियूष जैन समाज के कोषाध्यक्ष, धीरज जैन सह सचिव, सुभाष जैन, सुमित जैन, निखिल जैन, अजीत जैन, सुधीर जैन, नितेंद्र जैन, जितेंद्र जैन, ऋषभ जैन, मंदिर निर्माण अध्यक्ष दिलीप जैन, अक्षय जैन, अनीश जैन, आयुष जैन, जैनम जैन, रचित जैन, प्रदीप माहेश्वरी बलौदाबाजार जैन समाज के परिवार एवं समाज के कार्यक्रम में उपस्थित थे। अन्य समाज के परिवारों की भी अच्छी भीड़ थी।

### नगर में पंचकल्याणक महा महोत्सव की धूम

बलौदाबाजार नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, डॉ. के के साहू, डॉ. स्वाति मुदडा साहू, संगीता मुदडा, प्रदीप माहेश्वरी भजन संध्या में उपस्थित थे। यह मंदिर निर्माण में विराजित होने वाले भगवान के घर-घर विराजमान होना और भजन संध्या का कार्यक्रम समाज को जोड़ता और उनकी श्रद्धा को प्रदर्शित करता है और यह एक ऐसा मौका है की प्रतिमा मंदिर में विराजमान होने के पश्चात फिर कभी घर पर नहीं आती यह समाज जन के सभी घरों में एक बार समाज द्वारा अवसर दिया जा रहा है, जिसे पूरा समाज धूमधाम और भक्ति भजन संध्या के साथ भरपूर आनंद के साथ मना रहा है।

# हिंदू सम्मेलन में शामिल हुए जिपं अध्यक्ष संजय भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



खजरी ग्राम पंचायत में आयोजित हिंदू सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय शामिल हुए। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन और धार्मिक परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर श्री पांडेय ने उपस्थित लोगों से कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में सहभागिता समाज में सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने सामाजिक और सांस्कृतिक उत्तरदायित्वों को समझते हुए मिलजुल कर गांव और समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। श्री पांडेय ने सभी नागरिकों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों और युवाओं को सांस्कृतिक मूल्यों की सीख दें और सामाजिक कुरीतियों व हिंसा से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलों से समाज में भाईचारा, सहयोग और सामूहिक विकास की भावना मजबूत होती है।

इस अवसर पर आरएसएस विभाग प्रचारक रायगढ़ भारद्वाज, शिवकुमारी चौहान, केडार मंडल अध्यक्ष दीपक साहू, केडार पूर्व मंडल अध्यक्ष, बीजेपी जिला कार्यालय मंत्री चिंताराम साहू, ग्राम सरपंच सुंदर बाई रामनाथ रात्रे, खिलेश साहू, गुणसागर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व आगंतुक उपस्थित थे।

# शंकराचार्य का अपमान, सनातन धर्म का अपमान है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रयागराज माघ मेले में जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने तथा उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की है।

बुधवार आयोजित प्रेस वार्ता को मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृत लहरें एवं कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं को हिंदुओं का हितैषी बताने वाली भाजपा सरकार आज हिंदू संतों और सनातन परंपराओं का अपमान कर रही है। शंकराचार्य पिछले लगभग 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं, लेकिन पहली बार उन्हें इस अखंड और सदियों पुरानी धार्मिक परंपरा से रोका गया है। मौनी अमावस्या का शाही स्नान सनातन संस्कृति की पवित्र परंपरा है, जिसे रोकना सनातन धर्म का सीधा अपमान है।

■ शंकराचार्य के अपमान का कांग्रेस ने किया विरोध

कांग्रेस ने चिंता जताई कि शंकराचार्य को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है और वे पिछले 36 घंटे से अनशन पर बैठे हैं, इसके बावजूद सरकार की ओर से उनसे संवाद करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। यह भाजपा सरकार की घोर असंवेदनशीलता को दर्शाता है। प्रेस वार्ता में पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, परमेश्वर यदु, राकेश वर्मा ब्लॉक कांग्रेस शहर, अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संदीप पाण्डेय, मानस पाण्डेय, विमल साहू, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, अध्यक्ष अनु.ज. विभाग जितेन्द्र नवरत्न, महिला कांग्रेस से गौरी भृगु, अमर मिश्रा, सुरेंद्र यादव, ईश्वर प्रसाद यादव, राजू जायसवाल, रिंकू वर्मा सहित समस्त कांग्रेसजन उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## तृतीय पुण्यतिथि



स्वर्गवास
23.01.2023

पुण्यतिथि
23/01/2026

### स्व. राधेश्याम जी शर्मा

(पूर्व विधायक भाटापारा)
(पूर्व अध्यक्ष - जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर)

आदरणीय पिता जी जो जीवन आपने जिया, वही आपकी पहचान है।
कर्तव्य, ईमानदारी और सेवा का जो मार्ग आपने दिखाया
वही हमारी सबसे बड़ी विरासत है। **आपको शत शत नमन...**
**आपकी स्मृतियां आशीर्वाद के रूप मे सदैव हमारे साथ रहे...**

आज ही के दिन हमारे पिताजी
**स्व. श्री राधेश्याम जी शर्मा** ब्रम्हलीन हो गये थे।
समस्त परिवारजन एवं शुभचिंतकों के द्वारा आपको **भावपूर्ण श्रद्धांजलि** अर्पित करते है।

श्रद्धानवत्

**लक्ष्मीनारायण शर्मा,**
**अशोक शर्मा, मनोज शर्मा,**
**विजय शर्मा (भतीजे)**
**एवं समस्त कलावटिया परिवार**
**रायपुर (छ.ग.)**

फर्म- माँ मौवली राईस इंडस्ट्रीज रायपुर

**राजेश शर्मा (पुत्र)**
पूर्व अध्यक्ष- जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक रायपुर
पूर्व सभापति जिला पंचायत रायपुर
**अमित शर्मा (बंटी) (पुत्र)**
पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत भाटापारा
**रेणु शर्मा- राकेश शर्मा** (बेटी - दामाद)
**डॉ. मोना शर्मा - डॉ. सुरेन्द्र शर्मा** (बेटी-दामाद)
**युवराज, रघुराज (पौत्र)**

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
23 जनवरी 2026
SHOW TIME
बॉर्डर - 2
शो समय
11:30, 12:00, 3:00, 4:00, 6:30, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### पूर्व माध्यमिक शाला में बसंत पंचमी पर आज सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मुंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोहरौद में 23 जनवरी बसंत पंचमी पर वार्षिक उत्सव का आयोजन रखा गया है। इसमें मुख्य अतिथि पवन साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष होंगे व अध्यक्षता सुलोचना यादव जनपद अध्यक्ष होंगी। विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन व जनपद सदस्य कालिंद्री सोनवानी, कोहरौद सरपंच दुकलहा राम ध्रुव व छात्र-छात्राएं व समस्त ग्रामवासी सम्मिलित रहेंगे।

### पूर्व माध्यमिक स्कूल को मिलेगा स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार



**खरोरा।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरुवाडीह को स्वच्छ एवं हरित विद्यालय 2025–26 का जिला स्तरीय पुरस्कार रेडक्रॉस भवन रायपुर में गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को संस्था प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा को प्रदान किया जाएगा। दिनेश कुमार वर्मा ने सच्ची कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और त्याग का परिचय देते हुए विद्यालय को 10 वर्षों में हरा भरा और मॉडर्न स्कूल बनाया। वर्मा ने स्वयं अपने आधे से ज्यादा वेतन खर्च कर यहां वे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई है, जो एक किसी प्राइवेट स्कूल में होता है। जिसे देखते हुए जिला स्वच्छता कमेटी ने इस स्कूल को स्वच्छ एवं हरित विद्यालय का पुरस्कार पुनः 2025– 26 में प्रदान करने जा रहा है जिसे गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### धान खरीदी में मनमानी पर भड़के जिला पंचायत अध्यक्ष

**गोपालपुर।** ग्राम डांसरा धान खरीदी केंद्र में किसानों को बेवजह परेशान किए जाने पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय का गुस्सा फूट पड़ा। औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि गुणवत्ता में सही होने के बावजूद कर्मचारियों द्वारा किसानों का धान रिजेक्ट किया जा रहा था। अध्यक्ष ने मौके पर ही तहसीलदार और प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि किसानों की मेहनत का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने तहसीलदार को दो टूक निर्देश दिए कि उनकी निगरानी में तत्काल तौलाई शुरू की जाए और मानक पर खरे उतरने वाले धान का एक-एक दाना खरीदा जाए। संजय भूषण पाण्डेय ने चेतावनी देते हुए कहा अन्नदाता साल भर मेहनत करता है, उसे मंडी में परेशान किया गया तो मैं चुप नहीं बैठूंगा। इस कड़े रुख के बाद खरीदी केंद्र में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में व्यवस्थाएं दुरुस्त की गईं।

### देवसुंदरा में भागवत महापुराण का शुभारंभ

**खरोरा।** ग्राम देवसुंदरा में श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारंभ हुआ। जल यात्रा में उमड़े श्रद्धालुओं ने ग्राम देवी देवताओं की पूजा के साथ लोगों ने कथा श्रवण का लाभ उठाया। भागवत कथा व्यास पं. उपेंद्र शर्मा है। प्रथम दिन ही पंडित ने कहा की कलयुग में भी राधा कृष्ण की कृपा पाना है तो सरल उपाय है, भागवत कथा श्रवण करना कथा श्रवण मात्र से भगवान कृष्ण की कृपा होती है श्रोता जनों को भक्ति रस में डूबा दिया। भागवत कथा में मुख्य श्रोता परीक्षित के रूप में पंचराम वर्मा जी सा पत्नी विराजमान हुए हैं। कथा का आयोजन स्व. दिव्य आत्मा युवराज वर्मा की सद्गति की कामना से किया गया है।

# श्री हनुमत महायज्ञ में श्रीलंका के बाल कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति

## राम-सीता विवाह, सीताहरण और शिव तांडव स्तोत्र की संगीतमय प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय स्थित यज्ञ स्थल पर आयोजित 11 दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ के अंतर्गत संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में तृतीय दिवस श्रीलंका से आए बाल कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कलाकारों ने राम-सीता विवाह, सीताहरण तथा रावण रचित श्री शिव तांडव स्तोत्र की संगीतमय और भावपूर्ण प्रस्तुति देकर सैकड़ों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन भजन, सुंदरकांड पाठ एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से संगीतमय भक्ति धारा प्रवाहित हो रही है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले रहे हैं।आयोजक मंडल ने अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमी जनता से महायज्ञ में सहभागी बनकर पुण्य लाभ अर्जित करने एवं कार्यक्रमों का आनंद लेने की अपील की है। आगामी दिनों में डॉ. ललित ठाकुर द्वारा प्रस्तुत वनवासी राम मंचीय कार्यक्रम, प्रसिद्ध भजन गायक दीपक केशरी की भजन संध्या, छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम 'धरोहर' राजनांदगांव, सरगम म्यूजिकल्स रायपुर की प्रस्तुति तथा पंचमुखी हनुमान सुंदरकांड पाठ समिति के पं. प्रमोद शास्त्री 'मानस केशरी' जी के दो दिवसीय प्रवचन जैसे भव्य एवं मनभावन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## शबरी सेतु पुल पर लग रहा जाम, घंटों फंसी रहती है वाहनें

# शिवरीनारायण मेला से पहले मार्ग बदहाल, दोनों ओर जमी धूल की परत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की जर्जर सड़क एवं जानलेवा गड्ढे से चलकर आमजनों को भुगतना पड़ रहा है और ऊपर से गिधौरी शिवरीनारायण शबरी सेतु पुल पर जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। शबरी सेतु पुल पर दोनों किनारे पर भारी मात्रा में धूल जमाव हो गया है और वाहनों की आवाजाही से धुल के गुब्बारे उड़ने से लोगों का परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पंचायत शिवरीनारायण एवं शबरी सेतु विभाग की उदासीनता उजागर होने लगी है, क्योंकि शिवरीनारायण का विशाल मांघी मेला 1 फरवरी को प्रारंभ होगा। जिसमें मेला देखने हजारों की तदात पर रोज श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है, किंतु जर्जर सड़क और शबरीसेतु पुल पर दोनों तरफ धुल जमा है। साफ़ सफाई पर विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर लगा घंटों जाम

लगातार इस मार्ग आए दिन बरसात के समय पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे से एवं अब रोज आएं दिन गिधौरी - शिवरीनारायण शबरी सेतु पुल पर वाहनों की लंबी जाम लगा रहता है। गुरूवार को लगातार दो घंटे वाहनों का जाम लग गया, जिसमें आवागमन बाधित हो गया और पुल पर जाम के कारण राहगीरों को परेशानियां का सामना करना पड़ा। गिधौरी में चक्का जाम के दौरान इस मार्ग पर भारी वाहनों को डायवर्ट करने मांग किया गया था, परन्तु एक सप्ताह गुजरने के बाद भी डायवर्ट नहीं किया गया है। शिवरीनारायण में 1 फरवरी को विशाल मेला प्रारंभ होना है और भारी वाहनों पर रोक नहीं लगाई जाती तो, श्रद्धालुओं को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। शासन प्रशासन अपनी खामियां छुपाने के लिए मदमस्त है और ध्यान आकर्षित नहीं किया जा रहा है।

# अवैध ईंटें और जलाऊ लकड़ी को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- अवैध उत्खनन व ईंट निर्माण पर वन विभाग की सख्त कार्रवाई

वन परिक्षेत्र अर्जुनी विभागीय टीम के निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से निर्मित ईंटों को तथा उन्हें पकाने के लिए वन क्षेत्र से लाई गई अवैध जलाऊ लकड़ी को जब्त कर पीओआर जारी किया गया है। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतर्गत वन विभाग की टीम द्वारा गिण्डोला परिवृत्त का औचक निरीक्षण के दौरान रूपसिंह पैंकरा एवं मंगलराम पैंकरा के द्वारा वनाधिकार क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर ईंटों का निर्माण किया जा रहा था, जो वनाधिकार प्रावधानों के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है।

उक्त प्रकरण में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 एवं वन संरक्षण अधिनियम 1980 की धारा 2 के तहत तत्काल कार्रवाई की गई। विभागीय टीम द्वारा मौके से निर्मित ईंटों को तथा उन्हें पकाने के लिए वन क्षेत्र से लाई गई अवैध जलाऊ लकड़ी को जब्त कर पीओआर जारी किया गया है।

### नागरिक वन व पर्यावरण संरक्षण में करें सहयोग

वनमंडलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे वन एवं पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। उन्होंने कहा है कि अवैध उत्खनन जैसी गतिविधियां पर्यावरणीय असंतुलन उत्पन्न करती हैं तथा वन संसाधनों को नुकसान पहुंचाता हैं। विभाग द्वारा आगे भी ऐसे मामलों पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# नगर में सपनों की उड़ान मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर भवन पलारी में महिला एवं बाल विकास विभाग और अजीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय ईसीसीई मेला सपनों की उड़ान का भव्य आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी नीरज ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले में पलारी विकासखंड के 12 सेक्टरों की 279 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भाषा, शारीरिक, संज्ञानात्मक, रचनात्मक, सामाजिक-भावनात्मक विकास, मुक्त खेल और पोषण पर आधारित सात अलग-अलग स्टॉल लगाए गए। कार्यकर्ताओं को गतिविधियों के माध्यम से सिखाया गया कि आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए सीखने का अनुकूल वातावरण कैसे तैयार किया जाए। बीईओ नरेश वर्मा, एबीईओ सतीश माहेश्वरी और बीआरसी जीवनलाल जोशी सहित प्राथमिक शालाओं की 11 शिक्षिकाओं ने भी स्टालों का अवलोकन कर गतिविधियों में भाग लिया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य खेल और रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को नई दिशा देना रहा। कार्यक्रम में 11 सेक्टर सुपरवाइजर और महिला एवं बाल विकास समिति के सदस्य भी सक्रिय रहे।



# सिलाई प्रशिक्षण लेकर महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर में महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में निःशुल्क सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष रश्मि वर्मा के प्रयासों से प्रारंभ किया गया है। उनके नेतृत्व में शुरू हुआ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा है।

कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को न केवल व्यावसायिक प्रशिक्षण मिल रहा है, बल्कि वे आत्मनिर्भर बनने की ओर भी अग्रसर हो रही हैं। उपस्थित जनों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में लगातार चलते रहने चाहिए, जिससे महिलाओं को स्वरोजगार एवं स्वावलंबन का अवसर प्राप्त हो सके। इस पुनीत कार्य से प्रेरित होकर नगर खरोरा के अजय कुमार वर्मा ने अपने दादा स्वर्गीय मनराखन लाल वर्मा की स्मृति में एक सिलाई मशीन दान स्वरूप प्रदान की। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण देने वाली दीदी को प्रतिमाह 1000 सहयोग राशि देने की घोषणा भी की।वहीं तिल्दा राज के राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा ने भी इस कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए प्रशिक्षण कार्य में सहयोग हेतु प्रतिमाह 3000 देने की घोषणा की, जो प्रशिक्षण देने वाली दीदी को प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अजय कुमार वर्मा द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों के लिए रश्मि वर्मा को साल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं महिला हितैषी कार्यों में वे सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। यह कार्यक्रम नगर खरोरा में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रहा है और समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा है।



# कांग्रेस सदस्यों ने इस्पात संयंत्र में मृत श्रमिकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कांग्रेस भवन में गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक रखी गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि कांग्रेस भवन में झंडोत्तोलन पूर्व विधायक चैतराम साहू के करकमलों से किया जाएगा। शहर के नव नियुक्त मंडल अध्यक्षगण अय्यूब बांठिया, पुनीत मानिकपुरी एवं ओमप्रकाश यदु का स्वागत किया गया। विधायक इंद्र साव ने पूर्व विधायक चैतराम साहू द्वारा झंडोत्तोलन किए जाने के प्रस्ताव का स्वागत किया और नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को बधाई देकर उनसे ये बड़ी जिम्मेदारी निभाने की बात कही। उन्होंने रियल इस्पात बकुलाही में हुए हादसे की निष्पक्ष जांच की मांग की है। क्षेत्र में स्थापित फैक्ट्रियों में सुरक्षा के ठोस नियम पालन नहीं करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने गणतंत्र दिवस पर सभी कांग्रेसजनों से अपील की कि अनिवार्य रूप से झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हों। कांग्रेसजनों ने भाटापारा विधानसभा के बकुलाही ग्राम स्थित रियल इस्पात में हुए हादसे में मृत मज़दूरों और कर्मचारियों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



### प्री-वेडिंग पूर्ण रूप से प्रतिबंध स्वागत योग्य

**पलारी।** छत्तीसगढ़ के साहू समाज ने प्री-वेडिंग शूट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, जो कि एक बड़ा सामाजिक सुधार कदम है। परमेश्वर साहू ने कहा कि यह फैसला समाज में बढ़ती असामाजिक तत्वों फिजूलखर्ची, दिखावे की प्रवृत्ति और पारंपरिक संस्कारों के पीछे छूटने की चिंता के कारण लिया गया है, जिससे समाज में सादगी पूर्ण अपने परंपरागत तरीके से विवाह करे दिखावे के चक्कर में समाज के व्यक्ति कर्ज में ना डूबे जाए जिससे भविष्य में उसे आर्थिक दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। प्री-वेडिंग शूट पर प्रतिबंध के समाज को एक नई दिशा प्रदान करेंगे। इसमें फिजूलखर्ची और दिखावे की प्रवृत्ति को रोकना। पारंपरिक संस्कारों और सामाजिक समरसता को बनाए रखना। मध्यम और गरीब वर्ग के परिवारों पर आर्थिक दबाव को कम करना।



# क्रीड़ा उत्सव में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं दौड़ में भूपेंद्र को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

विकासखण्ड बिलाईगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला हरदी संकुल रोहिना में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि गौरी शंकर कर्ष संकुल समन्वयक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा सभी बच्चों को खेल के जीवन में महत्व, अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग, खेल, व्यायाम आदि का प्रतिदिन अभ्यास करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। खेल में जीत तथा हार तो होती है हमें हताश नहीं होना चाहिए। दौड़ में प्रथम स्थान भूपेन्द्र, शुभम, देविका द्वितीय स्थान में स्वाति, पंकज, कनिका रही। सुई धागा दौड़ में प्रथम स्थान लीशा बर्मन, द्वितीय स्थान में लवली खूंटे, गुब्बारा दौड़ में प्रथम स्थान लवली खूंटे, द्वितीय स्थान लीशा बर्मन, जलेबी दौड़ में प्रथम स्थान पंकज लहरे तथा दूसरे स्थान पर विकास खूंटे रहे। कुर्सी दौड़ पर देविका लहरे, लवली खूंटे को स्थान प्राप्त हुआ। चम्मच कंचा दौड़ पर प्रथम स्थान शुभम, द्वितीय स्थान लीशा बर्मन को प्राप्त हुआ। प्रधान पाठक रामदुलार निराला ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। जीवन में खेलों का महत्व, अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग का अभ्यास करना चाहिए।

वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में मनीष कुमार साहू, निर्मला खूंटे, पितर बाई का सहयोग प्राप्त हुआ। सभी बच्चों को फलों का वितरण किया गया।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम और ग्रामीण विकास पर हुआ विमर्श

# एनएसएस विशेष शिविर के समापन में छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन ग्राम खैरी में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एच एल सोनबोईर, कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. टीएल कश्यप, डॉ. उदय कुमार वट्टी, उपसरपंच भुनेश्वरी वर्मा और प्रधानपाठक सोनचंद्र ध्रुव उपस्थित हुए। स्वयंसेवक सौरभ वर्मा और जयप्रकाश ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश सागर ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य सेवा एवं यातायात परिवहन के संदेश को प्रसारित कर रैली निकाली। शिविर में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविका ने लोगों को पौधरोपण के महत्व, जल संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण पर जागरूक किया। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किये और गांव के विकास में युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया। प्रधानपाठक सोनचंद्र ध्रुव ने विशेष शिविर के आयोजन के लिए कार्यक्रम अधिकारी व स्वयंसेवकों के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश सागर ने स्वयंसेवकों से अपेक्षा जताई कि शिविर में सीखे गए अनुशासन का लाभ परिवार, समाज और राष्ट्र को मिले। अधिष्ठाता डॉ. एच एल सोनबोईर ने कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल सेवा और नेतृत्व कौशल विकसित करने में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस शिविर में 52 स्वयंसेवियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। कार्यक्रम में ग्राम खैरी के ग्रामवासी एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति थे।





online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411